मॉड्यूल 2: ज़िला बाल संरक्षण इकाई

सत्र 1: ज़िला बाल संरक्षण इकाई का परिचय और इसकी रूपरेखा

अवधि: 4:55 मिनट

आईए पालक देखरेख के कुछ आवश्यक तथ्यों को थोड़ा और जानें

- पालक देखरेख के लिए मॉडल निर्देश 2016 के अनुसार ज़िला प्रशासन, ज़िला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से पालक देखरेख के क्रियान्वयन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह सुनिश्चित करता है कि पालक परिवारों में बच्चे सुरक्षित रहें।
- जिले में पालक देखरेख कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु ज़िला बाल संरक्षण इकाई नोडल प्राधिकार के रूप में कार्य करेगी।
- ज़िला बाल संरक्षण इकाई द्वारा तैयार बच्चे के अध्ययन की रिपोर्ट के आधार पर, ऐसे बच्चे जो समुदाय में रह रहे हैं और देखरेख तथा संरक्षण के जरूरतमंद हैं, उन्हें भी पालक देखरेख में रखने पर विचार किया जा सकता है।
- पालक परिवार में बच्चे को बाल कल्याण समिति द्वारा स्थापन करने से पहले, ज़िला बाल संरक्षण इकाई को उस पालक परिवार की गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करके बाल कल्याण समिति को देनी होगी।
- पालक देखरेख कार्यक्रम के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना।
- समुदाय से ऐसे परिवारों का चयन करना जो पालक देखरेख की जिम्मेदारी लेने के इच्छुक हैं और ऐसे चिन्हित परिवारों की पता सहित सूची तैयार करना और उसका रखरखाव करना।
- सम्बन्धित राज्य के विभागों द्वारा अनुमोदित मापदंडों के आधार पर पालक परिवारों का चयन करना एवं उनका क्षमतावर्द्धन करना।
- यह अल्पावधि (एक वर्ष से कम) या दीर्घकालिक हो सकता है (एक वर्ष से अधिक– जिसे बच्चे के 18 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक विस्तारित किया जा सकता है।)

पालक परिवार का चयन कैसे करें?

I. पति–पत्नी दोनों भारतीय नागरिक हों।

II. पति–पत्नी दोनों उसी बच्चे का पालन करने के इच्छुक हों।

III. पति–पत्नी दोनों 35 वर्ष से अधिक उम्र के हों और उनका शारीरिक, भावनात्मक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा हो।

IV. सामान्यतः पालक परिवार की आय इतनी हो कि वह बच्चे की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

V. पालक परिवार के सभी सदस्यों, जो एक परिसर में रह रहे हैं उनकी चिकित्सीय जांच की रिपोर्ट ली जानी चाहिए। इन रिर्पोटों में, एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस–बी आदि की जांच शामिल है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे स्वस्थ हैं।

VI. पालक परिवार के पास पर्याप्त स्थान तथा मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए।

ज़िला बाल संरक्षण इकाई पालक देखरेख में बच्चों के एक समूह को भी रख सकती है। सामूहिक पालक देखरेख की व्यवस्था का चयन कैसे करें?

(क) सामूहिक पालक देखरेख व्यवस्था का अधिनियम के तहत पंजीकरण

(ख) समिति द्वारा उपयुक्त सुविधा के रूप में मान्यता

(ग) बाल संरक्षण नीति की मौजूदगी

(घ) बच्चों के लिए उपयुक्त सुविधाएं तथा पर्याप्त स्थान की उपलब्धता

इसके अतिरिक्त ज़िला बाल संरक्षण इकाई निम्न कार्य भी करेगी:

- पालक देखरेख में रह रहे प्रत्येक बच्चे के रिकॉर्ड का रखरखाव।
- कम से कम दो गृह भ्रमणों के बाद, भावी पालक परिवार की गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करना।
- पालक माता–पिता तथा परिवार के अन्य सदस्यों का साक्षात्कार करना।
- समेकित बाल संरक्षण योजना की क्रियान्वयन मार्गदर्शिका में प्रस्तावित उपयुक्त विहित प्रपत्र में प्रत्येक बच्चे का विस्तृत इतिवृत्त रखना।
- परिवार और बच्चे को, स्थापन के लिए तैयार करने, इसके साथ–साथ उनके साथ हो रही किसी समस्या के निराकरण के लिए उन्हें परामर्श देना।
- पहले माह में, आऊटरीच कार्यकर्ता, प्रत्येक परिवार में साप्ताहिक भ्रमण करेगा, उसके बाद मासिक भ्रमण करेगा और इसका रिकॉर्ड रखेगा।
- प्रत्येक बच्चे की पर्यवेक्षण रिपोर्ट हर तीन माह पर तैयार की जाएगी और इसे गोपनीय रखा जाएगा।
- कार्यक्रम का अनुश्रवण और मूल्यांकन करना।